Instructions regarding Use of unfair Means in Online Diploma Exam of HSBTE

(02.10.2020)

कुछ अनैतिक व्यक्तियों द्वारा छात्रों को बोर्ड के आनॅलाईन एग्जाम में नकल के लिए उकसाया जा रहा है। इसके अलावा यह भी दुष्प्रचार किया जा रहा है कि परीक्षा में 5 से ज्यादा Warning आने पर भी कुछ नहीं होगा जिस कारण बहुत से छात्रों का 5 चेतावनियों के बाद कल (दिनॉक 01.10.2020) की परीक्षा आधुनिक तकनीक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के द्वारा समाप्त हो गई। जहां पर छात्र कैमरे पर अवांछित हरकत करता पाया गया या कानों पर बात करके नकल करने के इरादे से Earphone / Headphone लगाया था, उस अवस्था में छात्र की परीक्षा को ना रोक कर पांच से अधिक चेतावनी भी दी गई और ऐसी प्रत्येक चेतावनी के समय की रिकॉर्डिंग को UMC केस बनाने के लिए कंसीडर किया जाएगा। इसलिए छात्रों को सूचित किया जाता है कि जरूरी नहीं हर छात्र को पांच से अधिक चेतावनी मिल पायेगी और जिनको मिल भी जाएगी वह छात्र बोर्ड के UMC RULES के अनुसार दंड का भागी होगा और उसका वह पेपर कैंसल कर दिया जाएगा जिसके लिए छात्र स्वयं जिम्मेवार होगा।